प्रादेशिक समाचार

दिनांक – 04.01.2026 (सुबह – 0830 बजे)

मुख्य समाचार

- केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने संतुलित उर्वरक उपयोग और टिकाऊ कृषि को बढ़ावा देने पर दिया जोर, कहा–किसानों का जीवन आसान बनाना सरकार की प्राथमिकता।

- मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रांची शहर का किया भ्रमण, भौगोलिक स्थिति, सुरक्षा व्यवस्था तथा पर्यटन विकास की संभावनाओं का लिया जायजा।

- मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार आज दो दिवसीय झारखंड दौरे पर आयेंगे, देवघर और दुमका में कार्यक्रम।

- गुमला, पलामू, गिरिडीह समेत राज्य के कई जिलों में दो दिन घने कोहरे का येलो अलर्ट, सुबह शाम शीतलहर चलने का पूर्वानुमान।

- रांची में आयोजित एचआईएल में दिल्ली एसजी पाइपर्स ने सूरमा हॉकी क्लब को तीन –एक से हराया, सूरमा चौथे स्थान पर

********************

केन्द्रीय रसायन और उर्वरक मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने कहा है कि सरकार की नीतियां, किसानों का जीवन आसान और अधिक सुरक्षित बनाने की दिशा में काम कर रही है। नई दिल्ली में आयोजित चिंतन शिविर में कल श्री नड्डा ने कहा कि इस वर्ष देश में रिकॉर्ड उर्वरक उत्पादन और आवश्यक आयात हासिल करने के लिए सरकार ने किसान हितैषी कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार उर्वरकों के संतुलित उपयोग और गैर–कृषि कार्यो के लिए उर्वरकों के दुरुपयोग की समस्याओं से निपटने के लिए काम करेगी।

********************

केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री और सांसद अन्नपूर्णा देवी ने कोडरमा के चंदवारा प्रखंड में सांसद निधि योजना के तहत विभिन्न पंचायतों और गांवों में जनोपयोगी विकास कार्यों का शिलान्यास किया। इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण और कोडरमा लोकसभा क्षेत्र के समग्र विकास के लिए उनकी प्रतिबद्धता अटूट है।

********************

नये साल पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने रांची शहर का दौरा करते हुए धुर्वा डैम और अन्य पिकनिक स्पॉट का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने भौगोलिक स्थिति, सुरक्षा व्यवस्था तथा क्षेत्र में पर्यटन विकास की संभावनाओं का विस्तारपूर्वक अवलोकन किया। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि धुर्वा डैम क्षेत्र में पर्यटन को व्यवस्थित रूप से विकसित करने हेतु ठोस कार्ययोजना तैयार की जाए। इससे स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे तथा यह क्षेत्र रांची शहर के पर्यटन नक्शे का प्रमुख आकर्षण बनेगा। निरीक्षण के दौरान श्री सोरेन ने स्थानीय दुकानदारों एवं नागरिकों से उनकी समस्याएं सुनीं तथा सुझाव लिए।उन्होंने आश्वासन दिया कि सरकार जनसहभागिता के माध्यम से क्षेत्र के समग्र विकास को प्राथमिकता देगी। श्री सोरेन ने धुर्वा स्थित ज्यूडिशियल अकादमी, झारखंड का भी निरीक्षण किया

********************

मनरेगा योजना के नाम में बदलाव के विरोध में कांग्रेस कल राज्य में "मनरेगा बचाओ अभियान" की शुरूआत करेगी। गोड्डा में मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने प्रेस वार्ता में इसकी जानकारी दी

********************

जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरयू राय ने पेसा कानून को लेकर चल रही चर्चाओं पर बयान दिया है। उन्होंने कहा कि एक स्पष्ट नियमावली पहले से मौजूद है, जिसके तहत पंचायत क्षेत्रों में कार्य किए जाएंगे। यदि कोई कार्य नियमों के अनुरूप नहीं पाया गया, तो सरकार कार्रवाई करेगी।

*******************

अखिल भारतीय शिक्षण संस्थान विद्या भारती का दो दिवसीय कार्यशाला शैक्षणिक नगर रांची के नगड़ी, कुड़लोंग में प्रारंभ हुआ। शिविर में देश भर से डेढ़ सौ प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं।

*******************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,

इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते हैं।

*******************

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार आज दो दिवसीय झारखंड दौरे पर आयेंगे। इस दौरान देवघर और दुमका के कार्यक्रम में शामिल होंगे।

*******************

निर्वाचन आयोग ने ई.सी.आई–नेट ऐप में सुधार के लिए लोगों से सुझाव मांगे हैं। इस ऐप पर जवाब 10 जनवरी तक दिए जा सकते हैं।

*******************

गुमला नगर परिषद क्षेत्र में प्रीवियस एसआईआर को लेकर सभी मतदान केंद्रों पर दो दिवसीय विशेष कैंप का आयोजन किया जा रहा है। विस्तृत ब्यौरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता।

*******************

साहिबगंज नगर परिषद, नगर पंचायत राजमहल और नगर पंचायत बरहरवा के लिए अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग तथा अनारक्षित और महिलाओं के लिए आरक्षित, आवंटन सूची जारी कर दी गई है। आरक्षण सूची जारी किए जाने के साथ नगर निकाय चुनाव की कवायद तेज हो गई है। हालांकि अभी नगर निकाय में अध्यक्ष तथा उपाध्यक्ष के लिए आरक्षण और आवंटन सूची जारी नहीं हुई है।

*******************

सड़क सुरक्षा माह के तहत देवघर जिले में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें काफी संख्या में वाहन चालकों ने भाग लिया । इधर गढ़वा जिले में सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण करने के लिये जिला परिवहन विभाग द्वारा सीख से सुरक्षा और तकनीक से परिवर्तन अभियान चलाया जा रहा है। लोहरदगा जिला में जागरूकता रथों को रवाना किया गया।

********************

मौसम विभाग ने अगले दो दिनों तक गुमला, पलामू, गिरिडीह समेत राज्य के 15 जिलों में दो दिन घने कोहरे का येलो अलर्ट जारी किया है। इसके साथ ही सुबह और शाम शीतलहर चलने का भी पूर्वानुमान है।

********************

महिला हीरो हॉकी इंडिया लीग में रांची के मरांग गोमके जयपाल सिंह स्टेडियम मोरहाबादी में कल खेले गए मैच में सलीमा टेटे की सूरमा टीम को दिल्ली एसजी पाइपर्स ने 3–1 से पराजित कर दिया। इस हार के साथ अब सूरमा क्लब चार मैचों में सभी मैच हारकर अंक तालिका में सबसे नीचे चौथे स्थान पर है और अब टीम प्रतियोगिता में खिताब की रेस से भी बाहर हो गई

********************

अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने वेनेजुएला में अमेरिका की सैन्य कार्रवाई की खबरों को पहले पन्ने की सुर्खी बनायी है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– वेनेजुएला में घुसकर राष्ट्रपति को उठा ले गई अमेरिकी फौज।

दैनिक भास्कर लिखता है– दो दिवसीय दौरे पर आज देवघर आएंगे मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार।

प्रभात खबर ने लिखा है– अब रिम्स में भी होगा किडनी ट्रांसप्लांट।

दैनिक जागरण के शब्द हैं– छत्तीसगढ़ में 14 माओवादी ढेर, 75 लाख के इनामी 21 साथियों के साथ समर्पण।

********************